भारत के लिये ऑक्सीजन परियोजना (Project O2 for India)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/project-o2-for-india

- **भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने 'भारत के लिये ऑक्सीजन परियोजना' का शुभारंभ किया है।** इसका उद्देश्य चिकित्सा ऑक्सीजन की बढ़ती माँग को पूरा करने हेतु देश की क्षमता को मजबूत करने के लिये कार्य कर रहे हितधारकों को सक्षम बनाना है।
- इस परियोजना के तहत 'ऑक्सीजन का एक राष्ट्रीय कंसोर्टियम' महत्वपूर्ण कच्चे माल जैसे- जिओलाइट्स, छोटे ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना, कंप्रेशर्स का निर्माण, अंतिम उत्पाद अर्थात ऑक्सीजन प्लांट, कंसेंट्रेटर एवं वेंटिलेटर की राष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये कार्य कर रहा है।
- यह कंसोर्टियम न केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करने के लिये तत्पर है, बल्कि दीर्घकालिक तैयारियों के लिये विनिर्माण पारितंत्र को मज़बूत करने का भी कार्य कर रहा है।
- भारत सरकार के **प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय की स्थापना कैबिनेट सचिवालय द्वारा नवंबर 1999 में की गई थी।** इसका उद्देश्य प्रधानमंत्री व कैबिनेट को विज्ञान-प्रौद्योगिकी व नवाचार से संबंधित मामलों पर व्यावहारिक और उद्देश्यपूर्ण सलाह देना है।
- **'ए.पी.जे. अब्दुल कलाम' प्रथम प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार थे** तथा वर्तमान सलाहकार के. विजयराघवन हैं। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा 9 सदस्यीय प्रधान मंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सलाहकार परिषद् (PM-STIAC) का नेतृत्व किया जाता है।

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
संस्कृति
IAS
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students